केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406


# दैनिक भारतीय बस्ती


भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406



भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 236 रविवार 17 मार्च 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### रिश्वत लेते दीवान का वीडियो वायरल

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। पुलिस महकमे को शर्मसार करने वाला एक कथित वीडियो शनिवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में मुंडेरवा थाने में तैनात दीवान अपने थाने के गेट पर ही एक व्यक्ति से रुपये लेता दिख रहा है। इस प्रकरण में पूछे जाने पर एसपी गोपालकृष्ण चौधरी ने कहा कि अभी तक ऐसा कोई वीडियो मेरे संज्ञान में नहीं आया है।

मामला संज्ञान में आने पर संबंधित के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। कई वाट्सएप ग्रुप पर वायरल हुए वीडियो में मुंडेरवा थाने पर तैनात दीवान लाल रंग की बाइक पर बैठे–बैठे एक युवक से कुछ रुपये ले रहा है। रकम लेने का दो वीडियो एक 20 सेकेंड और दूसरा छह सेकेंड का वायरल करने वाले की मानें तो पैसा देने वाला दीवान नशीले पदार्थ का अवैध कारोबारी से हफ्ता वसूली कर रहा था। भारतीय बस्ती ऐसे किसी वीडियो के सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

### जटिल रोगों में भी होम्योपैथ कारगर

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती, होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन बस्ती की मासिक बैठक एसोसिएशन के संरक्षक डा0 के के सिंह जी की क्लिनिक गांधी नगर पर सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डा0 वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में मौसम परिवर्तन हो रहा है सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, गलें में खराश की शिकायत के साथ अनेक मरीज आ रहें हैं। इस तरह के मरीजों के लिए होम्योपैथिक उपचार सर्वथा त्वरित उचित माध्यम है। डा0 त्रिपाठी ने कहा कि यदि मरीज के लक्षण के अनुसार दवा का प्रयोग किया जाता है तो अन्य चिकित्सा पद्धतियों से पहले ही होम्योपैथिक दवाओं का लाभ देखने मिलता है।

संरक्षक डा0 अनिल कुमार पाण्डेय जी ने कहा कि 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथिक दिवस पर होम्योपैथिक के जनक डा0 हैनिमैन जी का जन्मदिन एवं सम्मान समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा।

संरक्षक डा0 के के सिंह जी ने होम्योपैथ के विस्तार पर भी चर्चा करते हुए कहा कि होम्योपैथिक आज जन जन की चिकित्सा हो गई है, पहले एक मिथक था होम्योपैथिक दवाएं देर में फायदा करती है पर आज यह भ्रम सर्वदा समाप्त हो गया है। जैसे जैसे लोगों का भ्रम समाप्त हो रहा है होम्योपैथिक उपचार अपनाने वालों की संख्या में बड़ी वृद्धि हुई है।

बैठक में प्रमुख रूप से डा0 जे पी शुक्ल, डा0एन के सिंह गौतम,डा0 टाईगर शक्ति सिंह,डा0 के एम पाण्डेय,डा0 अनिल कुमार पाण्डेय,डा0 सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, डा0 अनिल कुमार मिश्र, डा0 संतोष कुमार सिंह, डा0 एच के त्रिपाठी, डा0 एच एन चौधरी,डा0 राघवेन्द्र सिंह, डा0 डी के गुप्ता सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

### चुनाव सामग्री पर प्रकाशकों को देना होगा विवरण

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । सभी प्रकाशकों को पंपलेट व पोस्टर या अन्य प्रचार सामग्री प्रकाशित करते समय मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम, पता लिखना अनिवार्य होगा। भारत निर्वाचन आयोग के उक्त निर्देश की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने जनपद के सभी प्रिंटिंग प्रेस के स्वामियों को निर्देशित किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (क) के नियमों का पालन करते हुए पोस्टर एवं पंपलेट प्रकाशित करेंगे।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि प्रिंट होने वाली प्रचार सामग्री 3 दिन के भीतर मुख्य कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण के कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि धारा 127 (क) के प्रावधानों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा।

# बज गया चुनावी बिगुल, यूपी में 7 चरणों में मतदान, 4 जून को आयेंगे परिणाम

**नई दिल्ली (आभा)** । चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है। आम चुनाव कुल सात चरणों में होने वाले हैं। इसके मुताबिक जम्मू कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों पर पांच चरणों में वोटिंग होनी है। इसके लिए चुनाव आयोग ने व्यापक तैयारियां की हैं। यहां पर चुनाव के लिए बड़े पैमाने पर सुरक्षा तैयारियां की गई हैं। नतीजे 4 जून को आयेंगे।

जम्मू कश्मीर में ऊधमपुर में 19 अप्रैल को, जम्मू में 26 अप्रैल को, अनंतनाग–राजौरी में 7 मई को, श्रीनगर में 13 मई को और बारामूला में 20 मई को वोट डाले जाएंगे। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों को 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने ऐलान किया है। इसके साथ देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है।




मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में आज यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा एवं आंध्र प्रदेश की विधानसभा चुनावों एवं विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटों वाले राज्य यूपी में सात चरणों में चुनाव कराया जाएगा और सारे नतीजे 4 जून को आएंगे।पहले चरण का नामांकन 20 मार्च से शुरू होगा और मतदान 19 अप्रैल को होगा। दूसरे चरण का नामांकन 28 मार्च को शुरू होगा। 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। तीसरे चरण में नामांकन 12 अप्रैल को और वोटिंग 7 मई को होगी। चौथे चरण में 18 अप्रैल से नामांकन और 13 मई को वोटिंग होगी। पांचवें चरण का नामांकन 26 अप्रैल से शुरू होगा और वोटिंग 20 मई को होगी। छठें चरण का नामांकन 29 अप्रैल को शुरू होगा और वोटिंग 25 मई को होगी। अंतिम और सातवें चरण का नामांकन 7 मई को शुरू होगा और एक जून को वोटिंग होगी। सभी चरण की गिनती एक साथ चार जून को होगी। सबसे पहले पश्चिमी यूपी से चुनाव शुरू होगा। पूर्वी यूपी में सबसे अंत में वोटिंग होगी। लखनऊ में पांचवें चरण और पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सातवें चरण में वोटिंग होगी।

यूपी में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही होगा। इनमें से तीन निधन के कारण और एक सजा के कारण रिक्त हुई है। शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैंसड़ी और सोनभद्र की दुद्धी (ज) विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा। ददरौल में चौथे चरण में 13 मई को वोटिंग होगी। लखनऊ पूर्व में पांचवें चरण (20 मई) को मतदान होगा। गैंसड़ी में छठे चरण (25 मई) में मतदान होगा। दुद्धी में आखिरी यानी सातवें चरण (1 जून) में मतदान होगा। इनका रिजल्ट भी चार जून को लोकसभा के साथ आएगा।

उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव लड़ेंगे जहां आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होगा। पार्टी ने अब तक यूपी में 51 कैंडिडेट के नाम की घोषणा कर दी है। पांच सीटें सहयोगियों को दी है। सपा ने 36 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया है। बसपा भी एक दर्जन सीटों पर नाम घोषित कर चुकी है। कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी लेकिन नाम किसी का घोषित नहीं हुआ है। भाजपा की सहयोगी सुभासपा और रालोद के भी नाम घोषित हो चुके हैं।

## परिषदीय विद्यालयों के विकास हेतु शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बनकटी के अध्यक्ष अभय सिंह यादव ने संघ पदाधिकारियों और शिक्षकों के प्रतिनिधि मण्डल के साथ शनिवार को नगर पंचायत बनकटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि इंजीनियर अरविन्द पाल को परिषदीय विद्यालय के विकास, सौन्दर्यीकरण की मांग को लेकर 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के द्वारा मांग किया गया कि संविलियन विद्यालय बनकटी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तम्भ के पास बड़ा हाई मास्ट लाइट लगवाने के साथ ही सेल्फी प्वांइट का निर्माण कराया जाय। विद्यालय परिसर का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के साथ ही विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था करायी जाय। इसके साथ ही नगर पंचायत बनकटी में स्थित परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प कराकर सौन्दर्यीकरण कराया जाय और विद्यालयों में सफाईकर्मी की व्यवस्था हो। इसके साथ ही नगर पंचायत के अधीन संचालित परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों को शहरी मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए.) के लिये शासन से निर्देशित कराया जाय।

### -स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तम्भ के पास बड़ा हाई मास्ट लाइट लगवाने की मांग

प्राथमिक शिक्षक संघ बनकटी के अध्यक्ष अभय सिंह यादव ने बताया कि बनकटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि इंजीनियर अरविन्द पाल ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से कराये जाने का आश्वासन देते हुये कहा कि अन्य मांगों पर लोकसभा चुनाव के बाद गंभीरता से विचार करते हुये उसे पूरा कराया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुहम्मद इकबाल, चन्द्रशेखर शर्मा, राघवेंद्र उपाध्याय, रामचंद्र शुक्ल, जयप्रकाश शुक्ला, नवीन चौधरी, रामसागर, संदीप गुप्ता, शैलेंद्र पाल, चंद्रशेखर गुप्ता,दुर्गेश राव, रामरेखा चौधरी, कृष्ण बिहारी पांडे, महेंद्र सिंह, मंजेश राजभर, शारदा प्रसाद चतुर्वेदी, जितेंद्र कुमार, ध्रुव नारायण दुबे, दीपक चौरसिया, मारूफ खान, आदित्य नारायण तिवारी, अतुल कृष्ण राज कामरान के साथ ही अनेक शिक्षक शामिल रहे।

## डायट में 200 शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। डिजिटल लिटरेसी, कंप्यूटेशनल, थिंकिंग, कोडिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। जिसमें जनपद के 200 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल लिटरेसी वर्तमान युग की आवश्यकता है इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि नॉलेज गैप इकोनामी गैप से कहीं ज्यादा घातक है। डिजिटल इंडिया अभियान पूरे देश को एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज एवं ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी परिणामों के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता अजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि एससीईआरटी के द्वारा डिजिटल लिटरेसी कंप्यूटेशनल थिंकिंग कोडिंग एवं एआई का पाठ्यक्रम विकसित किया गया है जिससे विद्यार्थियों में डिजिटल माध्यमों का सकारात्मक रूप से उपयोग करने की क्षमता का विकास हो सके। इस प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में राकेश पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, रमेश विश्वकर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, शालिनी द्विवेदी, राजकांत वर्मा ने योगदान दिया। इस अवसर डायट प्रवक्ता डॉ० गोविन्द प्रसाद, अलीउद्दीन खान, शशि दर्शन त्रिपाठी, मो इमरान खान, डॉ रवि नाथ आदि उपस्थित रहे।

## बस्ती में मतदान 25 मई को: अधिकारियों, कर्मचारियों के मुख्यालय छोड़ने पर रोक, तैयारियों में जुटा प्रशासन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा होने के बाद कोई भी अधिकारी–कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय नही छोड़ेगा। उक्त निर्देश जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित निर्वाचन आयोग की प्रेसवार्ता का सीधा प्रसारण देखने के बाद उन्होने नोडल अधिकारियों को सम्बोधित किया। उन्होने कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी–कर्मचारी आयोग के अधीन कार्य करेंगे तथा उन्हें इसका आदेश का पालन करना होंगा।

उन्होने कहा कि बस्ती में 25 मई को मतदान होगा तथा 04 जून को मतगणना करायी जायेंगी। उन्होने कहा कि जनपद मे स्थापित सभी राजनैतिक बैनर, होर्डिंग हटाने का निर्देश दे दिया गया है। रविवार 17 मार्च को सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जायेंगी। उन्होने अधिकारियो–कर्मचारियों को




निर्देशित किया है कि निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से कार्य करें, सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का राजनैतिक पोस्ट ना डालें, अनुशासन में रहें।

उन्होने बताया कि 61–बस्ती लोकसभा क्षेत्र में 307 हर्रैया, 308 कप्तानगंज, 309 रूधौली, 310 बस्ती सदर, 311 महादेवा (अ0जा0) विधानसभा समाहित है। जनपद में कुल 1482 मतदान केन्द्र तथा 2151 मतदेय स्थल है। कुल 1890356 मतदाता है, इसमें से 1005201 पुरूष, 885057 महिला तथा 98 अन्य मतदाता है। 15256 दिव्यांग मतदाता है, 85 वर्ष से अधिक आयु के 12098 मतदाता है तथा 18 से 19 वर्ष आयु के 19529 मतदाता है। 1930 सर्विस मतदाता है, जनपद का जेण्डर रेसियों 880 है तथा ईपी प्रतिशत 63.73 है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, सीडीओ जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, सीएमओ डा. आर.एस. दुबे, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहित अहमद, सभी उप जिलाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्राजपति, सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक के बाद प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि 2019 के लोकसभा निर्वाचन में 57 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस वर्ष मतदान प्रतिशत बढाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्ट कार्ड भेजा जायेंगा। जनपद के सभी 1 लाख 49 हजार प्रवासी श्रमिको को भी मतदान के लिए पोस्ट कार्ड भेजा जायेंगा, लगभग 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों का वेबकास्टिंग कराया जायेंगा। विद्यालयों में गठित मतदाता क्लब को सक्रिय किया जायेंगा।

उन्होने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जायेंगा। लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने की कार्यवाही तत्काल शुरू कर दी गयी है। मतदान कराने के लिए कुल 11364 कर्मचारी तैनात किए जायेंगें। जनपद को 16 जोन तथा 126 सेक्टर में बाटा गया है।

## डूंगरपुर मामले में आजम खां समेत चार दोषी करार

लखनऊ (आभा)। डूंगरपुर बस्ती में घर में घुसकर मारपीट, गाली–गलौज, धमकाने और आपराधिक षडयंत्र रचने के मामले में सपा नेता आजम खां के साथ ही पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन समेत चार लोगों को दोषी करार दिया गया है। सभी दोषियों को 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

साक्ष्य के अभाव में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान समेत तीन आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया है। गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 12 मुकदमे 2019 में दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे।

इसमें से एक मामला बस्ती निवासी एहतेशाम ने भी गंज थाने में केस दर्ज कराया था। इसमें उन्होंने घर में घुसकर मारपीट, गाली–गलौज, डकैती और आपराधिक षडयंत्र रचने के आरोप में सपा पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले



हसन, फरमान नासिर, जिबरान नासिर, सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान को आरोपी बनाया था।

इसके अलावा आजम खां को आपराधिक षडयंत्र रचने का आरोपी बनाया गया था। कोर्ट में चार मार्च को इस मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी थी। शनिवार को इस मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित सक्सेना ने बताया कि एमपी–एमएलए सेशन कोर्ट के न्यायाधीश डॉ. विजय कुमार ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, रिटायर्ड पुलिस क्षेत्राधिकारी आले हसन, ठेकेदार बरकत अली को कोर्ट ने दोषी करार दिया है।

कोर्ट ने इस मामले में ओमेंद्र सिंह चौहान, जिबरान नासिर, फरमान नासिर को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। कोर्ट दोषी ठहराए गए सभी चारों आरोपियों को 18 मार्च को सजा सुनाएगी। कोर्ट ने दोषी ठहराए गए सभी आरोपियों को कस्टडी में लेकर जेल भेज दिया। यहां बताते चलें कि सपा नेता आजम खां सीतापुर, जबकि पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां बिजनौर जेल में बंद हैं।

## चेयरमैन ने किया आरओ प्लांट, कंप्यूटर लैब का उद्घाटन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हर्रैया नगर स्थित गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी में आरओ प्लांट और कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन शनिवार को नगर पंचायत हरैया अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू ने फीता काटकर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र त्रिपाठी की अगुवाई में विद्यालय के स्टाफ द्वारा अध्यक्ष का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार विकास का कार्य जारी है। बच्चों को शुद्ध व शीतल जल मिले इसके उद्देश्य से आरओ प्लांट विद्यालय में लगाया गया है। कहा कि आने वाले समय में नगर पंचायत द्वारा और भी सुविधाएं स्कूली बच्चों को प्रदान की जायेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने अध्यक्ष द्वारा विद्यालय को दिए गए आरओ प्लांट के लिया सराहना किया। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीक का है। इस तकनीकी युग में विद्यालय में सुसज्जित कंप्यूटर लैब होना आवश्यक है। इसी को देखते हुए विद्यालय में एक और सुसज्जित कंप्यूटर लैब की स्थापना की गई है।

इस अवसर पर रोहिताश्व सिंह, गौरव सिंह, राकेश सिंह, पंकज सिंह, प्रवेश शुक्ल, राम नरेश शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, दिनेश पाण्डेय, राकेश यादव, अलगू प्रसाद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार सभी मुद्दों पर विफल: मतदाता लायेंगे बदलाव–डा0 देवेन्द्र नाथ श्रीवास्तव

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। समाजवादी पार्टी के विशेष आमंत्रित प्रदेश सदस्य डा0 देवेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के बढ़ती जनाधार से विपक्षी घबड़ा कर हताश और निराश हो गये है। वे शनिवार को प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

पत्रकारों से बातचीत में सपा नेता देवेन्द्र नाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा का जनाधार निरन्तर बढ़ रहा है । केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी है । भाजपा सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है तथा महंगाई चरम सीमा पर पहुॅच गयी है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे है, उत्तर प्रदेश में नौकरी की जगह पेपर लीक के मामले चल रहे है, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी तब प्रदेश में सभी वर्ग खुशहाल थे, लेकिन जब से केन्द्र तथा प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी है तब से महंगाई बढ़ती जा रही है। लोकसभा चुनाव में समाजवादी



पार्टी उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा सीट जीतेगी।

उन्होंने कहा कि मनरेगा का पैसा समय से मजदूरों के खाते में नही भेजती है और उसमें विभिन्न प्रकार कड़े नियम लागू करते चली जा रही है, जिससे गांवों के मजदूरों को पलायन करना पड़ रहा है, जो ग्राम प्रधान मनरेगा योजना से पक्के काम करा रहे है उसका भुगतान लगभग एक साल से नही हो पा रहा है इससे यह साबित होता है कि सरकार झूठे वादे निरन्तर कर रही है और मजदूरों का मजदूरी समय से भुगतान नही कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की तथा प्रदेश की भाजपा सरकार सभी मुद्दों पर फेल है केवल प्रदेश में जांच ही जांच चल रही है। बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है पहले नियम से बिजली आती थी लेकिन भाजपा सरकार में बिजली का कोई नियम ही नही रहा है प्रदेश सरकार कह रही है कि पूरी प्रदेश की सड़के गढ्ढामुक्त कर दिये है लेकिन हकीकत कुछ और ही है। सपा की दी हुई एम्बुलेंस को सुचारू रूप ढंग से प्रदेश सरकार नही चला पा रही है। किसानों को समय से फसल का मुआवजा नही मिल रहा है। कहा कि सपा का बढता जनाधार बदलेगा यूपी का राजनीतिक परिदृश्य बदल देगा।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से भाजपा पहली ऐसी सरकार है जो अखबार पर भी जीएसटी लगा दिया है, जिससे अखबार से जुड़े लोग भी बहुत परेशान है तथा पत्रकारों को ट्रेन में मिलने वाली सभी सुविधाओं को पूरी तरह से बन्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को हटाने के लिए जनता ने अपना मन बना लिया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय शिविर शुरू: छात्राओं ने शुरू किया शिक्षा के लिये जागरूकता अभियान

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शनिवार को श्री राम सहाय सिंह कन्या महाविद्यालय, महरीपुर बस्ती द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के 07 दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन प्राइमरी पाठशाला कुसमौर में किया गया। माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर ग्राम प्रधान पवन कुमार यादव ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ।

कार्यक्रम में उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक सत्य प्रकाश सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका, योगदान और लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुये कहा कि इस शिविर के द्वारा छात्रायें सेवा भाव से जुड़ेंगे और समस्याओं को समझने के साथ ही समाधान का रास्ता निकालने में सक्षम होंगे।




शिविर के दौरान छात्राओं ने शिक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत गांवों में घूम–घूम कर सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं को सेवा कार्य के लिये शपथ दिलाया गया।

शिविर के संचालन में डॉ० जय प्रकाश पाण्डेय, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव एवं श्रीमती मंजरी सिंह आदि ने विस्तार से राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कराये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना में उपस्थित आगन्तुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। राम प्रकाश सिंह, डॉ० कृष्ण कुमार प्रजापति, राजेश प्रसाद द्विवेदी, नीरज त्रिपाठी, सूर्य पाल वर्मा, आशुतोष त्रिपाठी, अनिल कुमार श्रीवास्तव, मो० तसलीम, कौशल कुमार आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मुर्गी फार्म मालिक ने हाथापाई के बाद अपने चालक को मारी गोली



**संवाददाता—गोरखपुर।** एम्स क्षेत्र के जगदीशपुर चौकी क्षेत्र के छोटी कैथवलिया में शनिवार को दोपहर 12 बजे मुर्गी फॉर्म मालिक व उन्ही के पिकअप चालक के बीच विवाद हुआ और दोनो में हाथापाई हो गई। गुस्से में आए सोनबरसा चौकी क्षेत्र के रामुडीहा निवासी गुड्डू सिंह ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से पिकअप चालक मनीष सिंह (30) को गोली मार दिया।

गोली मनीष सिंह के सीने में दाहिने तरफ लगी है। जगदीशपुर व सोनबरसा चौकी पुलिस प्रभारी मौके पर पहुंचे और घायल को बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंचा दिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उनका लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर लिया। मामला यह है कि मुर्गा फार्म के मालिक गुड्डू सिंह का चालक चौरीचौरा क्षेत्र के भटगावां निवासी मनीष सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह का किसी से प्रेम संबंध है। मनीष के विवाहित है। लेकिन वह अपनी प्रेमिका के साथ रहता है। परिवार के लोग मनीष के साथ बातचीत करने के लिए वहीं पंचायत रखे थे। मनीष पंचायत में नही जाना चाह रहा था। गुड्डू सिंह मालिक के हक से उसे डांट डपटकर पंचायत में जाने को कहा। इसी बात को लेकर मुर्गी फॉर्म मालिक व चालक के बीच हाथापाई हुई। चालक ने अपने मालिक को धक्का दिया। इस पर मुर्गा फार्म के मालिक को गुस्सा आ गया और पिस्टल से गोली मार दिया। गोली से वह घायल हो गया। रामूडिहा निवासी गुड्डू सिंह पुत्र दीपनरायन सिंह का इसी क्षेत्र के बेलवा खुर्द इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प के सामने मुर्गा फार्म है। इनके यहां चौरीचौरा क्षेत्र के भटगांवा निवासी मनीष सिंह (30) पुत्र सुरेन्द्र सिंह पिकअप चलाता है। चालक मनीष सिंह विवाहित है। लेकिन वह जगदीशपुर के किसी दूसरी महिला के साथ रहता है। दूसरी महिला के सम्बन्ध मे शनिवार को जगदीशपुर पुलिस चौकी पर पंचायत थी। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी कैन्ट अंशिका वर्मा व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर घायल चालक का बयान भी दर्ज किया है।

# गोरखपुर में 1 जून को मतदान होगा, 4 जून को मतगणना



**संवाददाता—गोरखपुर।** चुनाव आयोग ने लोकसभा के आम चुनावों की घोषणा कर दी है। यूपी में 7 चरणों में चुनाव संपन्न होंगे। वहीं, गोरखपुर में 7वें चरण में 1 जून को वोटिंग होगी। जबकि 4 जून को नतीजे आने के बाद नई सरकार का गठन होगा। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद गोरखपुर में राजनीतिक होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और वॉल पेंटिंग को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। इनको हटाने के लिए नगर निगम की 10 टीमें लगाई गई हैं। शहर के साथ ही आउटर पर भी सड़क और सार्वजनिक स्थलों से नगर निगम की टीमें पोस्टर—बैनर को हटाने में जुट गई है।

## अम्बेडकरनगर में 25 मई को डाले जाएंगे वोट

**संवाददाता—अम्बेडकरनगर।** आचार संहिता लगते ही सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग्स हटवाए गए। अम्बेडकरनगर में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। प्रशासन ने जगह—जगह लगे राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर के साथ उपलब्धियों के बैनर पोस्टर उतरना शुरू कर दिया है।

बता दें कि जिले में छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा।

# दुकान बंद कराने के विरोध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी व उनकी टीम को दुकानदारों ने खदेड़ा

**संवाददाता—संतकबीरनगर।** जिले में शहर के दुकानदारों ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी व उनकी टीम से हाथापाई की। इतना ही नहीं दुकानदारों ने श्रम कार्यालय में दुकान बंद कराने के विरोध में कर्मियों से छीनाझपटी भी की। इस मामले में जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने कोतवाली में दुकानदारों पर मुकदमा दर्ज करने की लिए प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस को दी गई तहरीर में जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार ने लिखा है कि वह अपने कर्मियों के साथ साप्ताहिक बंदी के नियमों का पालन कराने के लिए बाईपास पर एक स्टोर पर पहुंचे तो वह दुकान संचालित मिली। टीम ने दुकान को बंद करने के लिए कहा। जिस पर दुकान दार ने इसकी सूचना व्यापारी नेताओं को दी। कुछ देर बाद वहां पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष व उनके साथ पंद्रह से बीस लोग वहां पर पहुंचे। दुकान बंद कराने का विरोध करने लगे। वहां पर मौजूद कर्मी उक्त घटना का वीडियो बनाने लगे। जिस पर उन लोगों ने कर्मियों का मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद सभी कर्मी कार्यालय पहुंचे वहां पर भी व्यापार मंडल के पदाधिकारी व अन्य लोगों ने कर्मियों से अभद्रता की। लोगों ने कहा कि यदि दुबारा साप्ताहिक बंदी निरीक्षण करोगे तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने उक्त प्रकरण में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।



दूसरी ओर इसके विरोध में व्यापारियों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि आवासीय भवन होने की वजह से दुकान के अंदर काम कर रहे थे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने जबरन शटर उठा कर चालान किया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सर्वदानंद पांडेय ने बताया कि छुट्टी के दिन कुछ व्यापारी अपने दुकान पर काम कर रहे थे। उसी भवन में उनका आवास भी है। इसी दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा दुकान का शटर उठा कर कार्रवाई करने लगे। विरोधा करने पर चालान काट दिया और कार्यालय आने की बात कही। कार्यालय जाने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किए।

इससे नाराज व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल कलक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी से मुलाकात की और फर्जी तरीके से हुए चालान को निरस्त कराने की मांग की।

## वार्षिक परीक्षा 20 मार्च से, 2.98 लाख बच्चे होंगे शामिल

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** बेसिक स्कूलों के साथ ही मान्यता प्राप्त स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं अब 20 मार्च से आरंभ होंगी। शासन की ओर से इसका कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विद्यालयों में शिक्षकों की ओर से प्रश्नपत्र तैयार किए जा रहे हैं। इस परीक्षा में जिले के 2267 विद्यालयों में अध्ययनरत 2.98 लाख बच्चे शामिल होंगे। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से बेसिक स्कूलों में वार्षिक परीक्षा को लेकर संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत परीक्षाएं 20 से 27 मार्च तक होंगी। इसमें कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी। इस बीच होली का अवकाश 24 और 25 मार्च को होली का अवकाश रहेगा। कक्षा दो से पांच तक लिखित और मौखिक दोनों परीक्षाएं कराई जाएंगी। कक्षा—छह से आठ तक लिखित परीक्षा कराई जाएगी। प्रश्नपत्रों को विद्यालयों के शिक्षकों से ही तैयार कराया जा रहा है। परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि परीक्षा 50 अंकों की होगी। इसमें कक्षा एक की मौखिक, दो, तीन, चार, पांच में मौखिक और लिखित परीक्षा होगी। कक्षा छह से आठ के छात्र लिखित परीक्षा देंगे और ढाई घंटे तक परीक्षा चलेगी।

## स्मार्टफोन से देश-दुनिया का ज्ञान प्राप्त कर राष्ट्र के उत्थान में योगदान करें -आशीष राय




**संवाददाता—गोरखपुर।** गुरुकुल महाविद्यालय ददरी, बड़हलगंज में शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा शक्तिकरण योजना के अंतर्गत ब्लाक प्रमुख बड़हलगंज राम आशीष राय ने 120 छात्रध्छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। स्मार्टफोन पाकर छात्रध्छात्राओं के चेहरे खिल गए।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख राय ने विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आज के समय में इंटरनेट पर दुनियाभर का ज्ञान तकनीक के साथ उपलब्ध है। सरकार ने इस बात को ध्यान में रखकर प्रदेश के युवाओं के लिए स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण की योजना चलाई। युवा वर्ग स्मार्टफोन का सदुपयोग कर परिवार, समाज व राष्ट्र के उत्थान में अपेक्षित सहयोग कर सकता है। अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक जयप्रकाश शाही ने युवा छात्रों को डिजिटल शिक्षा के महत्व से बदलते विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। निदेशक डा. विपिन कुमार शाही ने अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अरुण कुमार त्रिपाठीध्राजकुमार यादव ने किया। इस दौरान प्रधान सतीश शाही, सुग्रीव यादव, त्रिलोकी यादव, देवानंद, नागेंद्र शाही, प्रमोद तिवारी, सदानंद शाही आदि मौजूद रहे।

# शोध संस्थान के निदेशक हटाए गये, विकास परिषद कार्यपालक अधिकारी एसके शर्मा को दिया प्रभार

**संवाददाता—अयोध्या।** अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोधा संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डा. लवकुश द्विवेदी को दायित्व मुक्त किया। निदेशक का पदभार अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ व नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को सौंपा। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के कार्यवाहक निदेशक डा. लवकुश द्विवेदी को अचानक दायित्व मुक्त कर दिया गया है। निदेशक का पदभार अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ व नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा को सौंपा गया है। उत्तर प्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम की ओर से यह आदेश सात मार्च 2024 को किया गया था लेकिन उसके बाद लगातार तीन छुट्टियां पड़ गईं। इसके कारण इस आदेश का अनुपालन 12 मार्च को हुआ। इसी तिथि पर सीईओ व नगर आयुक्त शर्मा ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया।

निदेशक के रूप में नगर आयुक्त शर्मा ने बताया कि शोध संस्थान के भवन के निर्माण में कुछ बाधाएं थी, शीघ्र ही निर्माण ईकाई के साथ मीटिंग कर अगले एक महीने में निर्माण पूरा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से संचालित योजनाओं के माध्यम से राम, रामायण व अयोध्या से सम्बन्धित शोध कार्य को बढ़ावा देने की कार्य योजना बनाई जाएगी। इसके साथ रामायण के मानवीय मूल्यों को समाज में प्रसारित व प्रचारित करने की भी योजनाओं पर अमल किया जाएगा। इसके पहले रामोत्सव के आयोजन के बीच निदेशक द्विवेदी को हटाए जाने पर कई की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

मिली जानकारी के अनुसार सात मार्च को ही निदेशक द्विवेदी ने शोधा संस्थान के कार्यकारिणी की बैठक आहूत की थी। फिर भी इस बैठक से पहले कार्यकारिणी के चेयरमैन व प्रमुख सचिव संस्कृति मेश्राम ने उन्हें दायित्व मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। बताया गया कि निदेशक पद पर डा. द्विवेदी का कार्यकाल 30 जून 2023 को ही समाप्त हो गया था। इसके बाद विभाग की ओर से संस्कृति विभाग के अधीन कार्यरत स्वायत्त शासन संस्थाओं के निदेशकों के चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की थी। इसके लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित भी किया गया लेकिन अयोध्या शोध संस्थान को छोड़कर शेष संस्थाओं के निदेशकों की नियुक्ति कर दी गयी। बताया गया कि शोध संस्थान के लिए साक्षात्कार को स्थगित कर दिया गया था।

डा. द्विवेदी संस्कृति विभाग में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पद पर तैनात थे। उत्तर प्रदेश में इस पद को ही समाप्त कर कार्यरत एक दर्जन अधिकारियों को निदेशालय से सम्बद्ध कर अन्य जिम्मेदारियां दी गई थी। डा. द्विवेदी वर्ष 2020 में अपना कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हो गये। इसके पहले अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक के रूप में कार्यरत डा. वाईपी सिंह की कोरोना संक्रमण से आकस्मिक मृत्यु के बाद यह पद रिक्त था। डा. द्विवेदी ने सेवानिवृत्त के बाद रिक्त पद के लिए आवेदन किया और शासन की ओर से तीन वर्ष के लिए उनकी नियुक्ति हो गयी। इस बीच 75 जिला 75 इतिहास लेखन के मामले में वह विवादों में घिर गये।

## डाक सेवकों के लिए वित्तीय उन्नयन योजना का शुभारंभ

**संवाददाता—गोरखपुर।** संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख ग्रामीण डाक सेवकों के लिए वित्तीय उन्नयन योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण डाक सेवक को 12, 24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तीन वित्तीय उन्नयन प्राप्त होंगे। जिनमें क्रमशः 4,320 रुपये, 5,520 रुपये और 7,200 रुपये प्रति वर्ष की राशि देय होगी। यह राशि पारिश्रमिक के अतिरिक्त होगी।

# मौलाना बदरे मिल्लत का सालाना उर्स—ए—पाक 18 को

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के इटवा—बेलवा मार्ग पर स्थित मदरसा गौसिया फैजुल उलूम बढ़या के पास स्व. मौलाना बदरे मिल्लत का मजार शरीफ है। यहां प्रत्येक साल रमजान माह में सात रमजान के दिन शाम से बड़े ही अकीदत के साथ उर्स ए पाक का कार्यक्रम मनाया जाता है। इस बार यह कार्यक्रम 18 मार्च को मनाया जाएगा। यह जानकारी आयोजक मौलाना नूरानी शाह ने दी। उन्होंने बताया कि उर्स में आसपास के अकीदतमंदों के साथ अन्य जिलों, प्रदेश व पड़ोसी मुल्क नेपाल के अकीदतमंद मजार शरीफ पर पहुंचकर अपनी हाजिरी देते हैं। उन्होंने बताया कि उर्स की तैयारियां जोरों पर है। लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दूर दराज से आने—जाने वाले जायरीनों के खाने—पीने व रहने के लिए कमेटी की तरफ से इंतजाम किया गया है।

## डीएम ने न्यायियक अधिकारियों के लिए आवासीय भूमि का लिया जायजा



**संवाददाता—संतकबीरनगर।** जिले के डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण के लिए आवासीय भूमि को चिन्हित करने के लिए बड़गो एवं खटौली के अलावा कुसमीडांड़ी, मोहद्दीपुर, आजमपुर, मैलानी, सरौली, नोहट, चमरहु आदि गॉवों में भूमि की तलाश के लिए भ्रमण किए। सम्बंधित अधिकारियों के साथ भूमि की प्रकृति एवं लोकेशन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि भूमि का चिन्हांकन कर लिए जाने के बाद सम्बंधित गांव के भू—स्वामियों से आपसी समझौते से सम्बधित शासनादेश के तहत भूमि क्रय की जानी है। ग्रामीण क्षेत्र में सर्किल दर से अधिकतम 4 गुना और शहरी क्षेत्र में अधिकतम दो गुना मुआवजा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त परिसंपत्तियों एवं पेड़ो का अलग से मूल्यांकन कर भुगतान किया जाएगा। आवासीय भूमि हेतु 20—25 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जानी है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दर निर्धारण और भूमि का मूल्य तय किया जाना है। सम्बधित गांवों के भूस्वामी किसी भी कार्य दिवस में तहसीलदार खघ्लीलाबाद के कार्यालय में सम्बधित प्रारूप पर सहमति दे सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि जल्द ही आपसी समझौते के आधार पर भूमि क्रय करके जनपद न्यायालय को हस्तांतरित की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार खलीलाबाद जनार्दन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने बीटीसी परिणाम में धांधली का आरोप लगाया, डायट प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी में बीटीसी परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्राचार्य उपेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने तीन दिन के अंदर पुनः संशोधान परिणाम जारी करने की मांग की है। परिषद के आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि यदि डायट प्रशासन तीन दिन के अंदर छात्रों के साथ हुए अन्याय को ध्यान में रखते हुए अंकपत्र में सुधार की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाता है तो प्रत्येक कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर अंकित द्विवेदी, अमित पासवान, आरती, साक्षी, पूजा, शिवम, मनीष, राकेश आदि मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक से पेयजल की विशेषता बताई

**संवाददाता—सिद्धार्थनगर।** जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति व उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण की ओर से जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत शनिवार को इटवा क्षेत्र में प्योर लाइफ सोसायटी लखनऊ की ओर से नुक्कड़ नाटक स्वच्छता मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पहले ब्लॉक परिसर में आयोजित हुआ। इसमें कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को पेयजल स्वच्छता, गंदगी से होने वाली बीमारी डेंगू, मलेरिया आदि के संदर्भ में जागरूक किया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण अंचल में प्रचार—प्रसार के लिए रवाना किया गया। इस दौरान बीडीओ राजकुमार, बृजेश कुमार गुप्ता, विनोद चौहान, फरीदा खातून, गिरजेश यादव, शालिनी अग्रहरि आदि मौजूद रहीं।

# 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का हुआ वर्चुअल शिलान्यास




**संवाददाता—गोरखपुर।** क्षेत्र के पचौरी में स्थित साधन सहकारी समिति (बी—पैक्स) में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत निर्मित होने वाले 100 मीट्रिक टन क्षमता गोदाम का शनिवार को सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने वर्चुअल शिलान्यास किया। इस दौरान सहजनवा ब्लाक प्रमुख कवलदीप नरायण चौहान शिलान्यास कार्यकम में मौजूद रहे। प्रमुख ने कहा कि गोदाम के बन जाने से उर्वरक के साथ ही धान एवं गेहूं खरीद के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो जाएगी। कार्यकम में पधारे सभी लोगों को एडीओ सहकारिता सुनील पाण्डेय ने फूल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।


### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
मु0नं0—RST/112/2014
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 T2014171404112
अन्तर्गत धारा 229 (ख) उ0प्र0ज0वि0 भू0 व्य0 अधिनियम 1950
अदालत— श्रीमान उप जिलाधिकारी रूधौली जिला—बस्ती
ईश्वरी देवी
बनाम
शंखनरायन आदि
1. रामनिधि 2. रामसुधि 3. सत्यप्रकाश पुत्रगण शंखनरायन निवासीगण ग्राम कोंहरा तप्पा रूधौली परगना नगर पश्चिम तहसील रूधौली जिला—बस्ती
**तारीख पेशी 18—03—20224**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 14 माह 03 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
अपील सं0
अदालत— श्रीमान नायब तहसीलदार साऊघाट जिला—बस्ती
श्रीमती पुष्पा देवी
बनाम
परशुराम
1. महेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 संतराम 2. जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 संतराम साकिन नरियॉव तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती
**तारीख पेशी 18—03—20224**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 16 माह 03 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश (आर्डर 9 कायदा 9) (2)
अदालत—श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला—बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0—193/2023
गुलाबपती
बनाम
देवनाथ आदि
1. देवनाथ पुत्र रामसूरत साकिन महुलानी खुर्द तप्पा नवाई परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला बस्ती —विपक्षी प्रथम वर्ग
2. श्रीमती संवारी देवी पत्नी माधव प्रसाद 3. श्रीमती शोभ देवी मृतक पत्नी त्रियुगी नरायन 3/1 त्रियुगी नरायन पुत्र अज्ञात 3/2 राजेश्वर तिवारी पुत्र त्रियुगी नरायन साकिनान भानपुर तप्पा नवाई परगना नगर पश्चिम तहसील हर्रैया जिला—बस्ती
**तारीख पेशी 19—04—2024**

हरगाह मुद्दई मजकुरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 19 माह 04 सन 2024 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत— श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला—बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 421/2023
राम उचित—सायलान
1. श्री राम उचित उम्र लगभग 66 वर्ष पुत्र बीपत 2. श्रीमती सीमा उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्री राम उचित 3. श्रीमती अंजनी उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्री राम उचित 4. बृजेश कुमार उम्र लगभग 29 वर्ष पुत्र राम उचित निवासीगण ग्राम भुंवर निरंजनपुर तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती
**तारीख पेशी 20—03—2024**
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम—1925
दरख्वास्त मुसम्मा
वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 20—03—2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत— श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती जिला—बस्ती
प्रकीर्णवाद सं0 241/2023
श्रीमती कलापति—सायल
1. श्रीमती कलापति उम्र लगभग 55 साल पत्नी दयाराम 2. कुमारी रूबी उम्र लगभग 20 साल पुत्री दयाराम समस्त निवासी मो0 मड़वानगर तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला—बस्ती
**तारीख पेशी 02—04—2024**
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम—1925
दरख्वास्त मुसम्मा
वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 02—04—2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम



**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1—4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक—**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक—**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या—फैजाबाद कार्यालय—**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या—फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय—**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय—**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com
bhartiyabasti@gmail.com